# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2020

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2020

**(ANNUAL / वार्षिक)**

# GEOGRAPHY

समय : 3 घंटे 15 मिनट]                                                    [पूर्णांक : 70

SECTION-A

प्रश्न संख्या 1 से 42 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। आपको 35 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

BiharboardQuestionpaper.com

1. भारत की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में कौन नगर की परिभाषा का अंग नहीं है ?

(a) जनसंख्या घनत्व 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी

(b) नगरपालिका, निगम आदि का होना

(c) जनसंख्या आकार 5000 व्यक्तियों से अधिक

(d) 75% से अधिक जनसंख्या का प्राथमिक क्षेत्र में संलग्न होना

2. मानव विकास सूचकांक में भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किसकी कोटि उच्चतम है ?

(a) पंजाब

(b) हरियाणा

(c) तमिलनाडु

(d) केरल

3. किस भाषा परिवार की जनसंख्या सबसे कम है ?

(a) द्रविड

(b) आस्ट्रिक

(c) भारतीय-यूरोपीय

(d) चीनी-तिब्बती

4. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या थी

(a) 121 करोड़

(b) 102.8 करोड़

(c) 118 करोड़

(d) 131 करोड़

5. निम्नलिखित प्रदेशों में कौन सुप्रलेखित प्राचीनतम नगरी बस्ती है ?

(a) मेसोपोटामिया

(b) ह्वांग हो घाटी

(c) नील घाटी

(d) सिन्धु घाटी

6. हीराकुण्ड परियोजना अवस्थित है.

(a) ओडिशा में

(b) छत्तीसगढ़ में

(c) मध्य प्रदेश में

(d) झारखंड में

BiharboardQuestionpaper.com

7. निम्नलिखित में कौन सबसे छोटी है?

(a) कृष्णा बेसिन

(b) गोदावरी बेसिन

(c) तापी बेसिन

(d) नर्मदा बेसिन

8. निम्नलिखित में कौन रेशेदार फसल है ?

(a) कॉफी

(b) चाय

(c) गेहू

(d) कपास

9. हरित क्रांति सम्बन्धित है

(a) खाद्यान्न उत्पादन से

(b) चाय उत्पादन से

(c) दूध उत्पादन से

(d) इनमें से कोई नहीं

10. निम्नलिखित में कौन भारतीय कृषि की समस्या है ?

(a) निम्न उत्पादकता

(b) विखंडित जोत

(c) अनियमित मानसून

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

11. मुंबई में पहला आधुनिक सूती वस्त्र कारखाना स्थापित किया गया, क्योंकि

(a) मुंबई एक पतन है,

(b) मुंबई एक वित्तीय केन्द्र था

(c) यह कपास उत्पादक क्षेत्र के निकट है।

(d) इनमें से सभी

12. बोकारो इस्पात केन्द्र है

(a) मिश्रित क्षेत्र में

(b) निजी क्षेत्र में

(e) सार्वजनिक क्षेत्र में

(d) इनमें से कोई नहीं

13. बालाघाट मैंगनीज क्षेत्र किस राज्य में स्थित है ?

(a) झारखंड

(b) ओडिशा

(c) छत्तीसगढ़

(d) मध्य प्रदेश

14. निम्नलिखित में कौन परम्परागत ऊर्जा स्रोत है ?

(a) पेट्रोलियम

(b) कोयला

(c) प्राकृतिक गैस

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

15. भारत में प्रथम नाभिकीय ऊर्जा परियोजना स्थापित की गई थी

(a) कलपक्कम में

(b) तारापुर में

(c) नरोरा में

(d) कैगा में

16. निम्नलिखित में से कौन स्थलाबद्ध पोताश्रय है ?

(a) हल्दिया

(b) मुंबई

(c) विशाखापटनम

(d) एन्नोर

17. पूर्व-पश्चिम गलियारा जोड़ता है।

(a) कोलकाता को दिल्ली से

(b) कानपुर को पोरबंदर से

(c) गुवाहाटी को पालनपुर से

(d) सिलचर को पोरबंदर से

18. भारत में वायु परिवहन सेवा की शुरूआत हुई

(a) 1947 में

(b) 1911 में

(c) 1921 में

(d) 1935 में

BiharboardQuestionpaper.com

19. भारतीय रेल प्रणाली को कितने मंडलों में विभाजित किया गया है

(a) 12

(b) 9

(c) 20

(d) इनमें से कोई नहीं

20. प्रादेशिक नियोजन का विशिष्ट लक्षण है

(a) आर्थिक व्यवस्था में विभिन्न सेक्टरों का विकास

(b) परिवहन-जाल तंत्र में क्षेत्रीयं भिन्नताएँ

(c) क्षेत्र विशेष के विकास का उपागम

(d) ग्रामीण क्षेत्रों का विकास

BiharboardQuestionpaper.com

21. निम्नलिखित में किसे कर्तन-दहन कृषि भी कहते हैं ?

(a) सघन निर्वाह कृषि

(b) आदिम निर्वाह कृषि

(c) विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि

(d) मिश्रित कृषि

22. फूलों की कृषि कहलाती है

(a) मिश्रित कृषि

(b) ट्रक फार्मिंग

(c) रोपण कृषि

(d) पुष्पोत्पादन

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..

23. निम्नलिखित में कौन रोपण फसल है ?

(a) मक्का

(b) गेहूँ

(c) चाय

(d) राई

24. रबड़ किस प्रकार की कृषि की उपज है ?

(a) रोपण कृषि

(b) भूमध्यसागरीय कृषि

(c) प्रारम्भिक स्थायी कृषि

(d) मिश्रित कृषि

25. निम्नलिखित विद्वानों में किसने मानव विकास सूचकांक का निर्धारण किया है ?

(a) रैटजेल

(b) डॉ. महबूब-उल-हक

(c) ई० सी० सेम्पुल

(d) प्रो० अमर्त्य सेन

26. निम्नलिखित में से कौन मानव भूगोल का उपागम नहीं है ?

(a) क्षेत्रीय विभिन्नता

(b) स्थानिक संगठन

(c) मात्रात्मक क्रान्ति

(d) अन्वेषण और वर्णन

BiharboardQuestionpaper.com

27. निम्नलिखित में से कौन विरल जनसंख्या वाला क्षेत्र है ?

(a) पश्चिमी यूरोप

(b) दक्षिण पूर्व एशिया

(c) उत्तर पूर्व संयुक्त राज्य अमेरिका

(d) पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया

28. निम्नलिखित संख्या में कौन जनसंख्या के कार्यशील आयु वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है?

(a) 15 से 59

(b) 15 से 65

(c) 18 से 66

(d) 15 से 64

29. निम्नलिखित देशों में किसका लिंग अनुपात विश्व में सर्वाधिक है ?

(a) लैटविया

(b) संयुक्त अरब अमीरात

(c) फ्रांस

(d) जापान

30. निम्नलिखित में से कौन विकास का सर्वोत्तम संकेतक है ?

(a) आकार में वृद्धि

(b) गुण में साधारण परिवर्तन

(c) आकार में स्थिरता

(d) गुण में धनात्मक परिवर्तन

BiharboardQuestionpaper.com

31. तूतीकोरिन पत्तन स्थित है

(a) केरल में

(b) कर्नाटक में

(c) तमिलनाडु में

(d) आंध्र प्रदेश में

32. अम्ल वर्षा का कारण है

(a) जल प्रदूषण

(b) ध्वनि प्रदूषण

(c) वायु प्रदूषण

(d) भूमि प्रदूषण

33. निम्नलिखित में से कौन चतुर्थ सेक्टर क्रियाकलापों से सम्बन्धित है ?

(a) संगणक विनिर्माण

(b) विश्वविद्यालय शिक्षक

(c) कागज और लुग्दी निर्माण

(d) पुस्तकों का मुद्रण

34. लम्बी दूरी तक भारी सामान ढोने के लिए कौन सबसे सस्ता परिवहन साधन है ?

(a) सड़क परिवहन

(b) रेल परिवहन

(c) जल परिवहन

(d) वायु परिवहन

BiharboardQuestionpaper.com

35. रेलमार्ग के जाल का सघनतम घनत्व है

(a) ब्राजील में

(b) संयुक्त राज्य अमेरिका में

(c) कनाडा में

(d) रूस में

36. बिग इंच पाइप लाइन परिवाहित करता है।

(a) जल

(b) दूध

(c) पेट्रोलियम

(d) तरल पेट्रोलियम गैस (L.P.G)

37. भारत एक सदस्य है

(a) साफ्टा का

(b) ओ ई सी डी का'

(c) आसियान का

(d) ओपेक का

38. विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय कहाँ है ?

(a) जेनेवा

(b) वियना

(c) न्यूयार्क

(d) वाशिंगटन

BiharboardQuestionpaper.com

39. पर्वतीय प्रदेशों में किस प्रतिरूप का अधिवास पाया जाता है ?

(a) आयताकार

(b) सीढ़ीनुमा

(c) पंखा

(d) तारा

40. निम्नलिखित आर्थिक क्रियाओं में कौन ग्रामीण अधिवासों से सम्बन्धित है ?

(a) प्राथमिक

(b) द्वितीयक

(c) तृतीयक

(d) चतुर्थ

41. निम्नलिखित में कौन सांस्कृतिक नगर है ?

(a) केनबेरा

(b) लंदन

(c) मक्का

(d) ओसाका

42. निम्नलिखित में कौन औद्योगिक नगर है ?

(a) जमशेदपुर

(b) वाराणसी

(c) केनबेरा

(d) सिंगापुर

BiharboardQuestionpaper.com

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 18 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।

1. कृषियोग्य व्यर्थ भूमि से आप क्या समझते हैं ?
2. लिंग संरचना से आप क्या समझते हैं ?
3. मुक्त आकाश नीति क्या है ?
4. भारत के चार प्रमुख लौह-इस्पात उद्योग केन्द्रों के नाम लिखें।
5. मानव विकास क्या है ?
6. पतन और पोताश्रय में अन्तर बताइए।
7. जनसंख्या परिवर्तन के दो घटकों के नाम लिखें।
8. व्यापार संतुलन से क्या तात्पर्य है ?
9. मानव भूगोल के चार उप-क्षेत्रों के नाम लिखें।
10. दो चतुर्थक आर्थिक क्रियाकलापों का उल्लेख कीजिए।
11. भारत के चार प्रमुख नाभिकीय ऊर्जा केन्द्रों के नाम लिखें।
12. मुख्य श्रमिक और सीमान्त श्रमिक में अन्तर स्पष्ट करें।
13. मानव विकास के चार प्रमुख घटकों के नाम लिखिए।
14. कच्चे मालों के आधार पर उद्योगों को वर्गीकृत कीजिए
15. भू-निम्नीकरण से आप क्या समझते हैं ?
16. जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले चार भौगोलिक कारकों के नाम लिखें।
17. जीवन निर्वाहक कृषि की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
18. ऊर्जा के नवीकरणयोग्य तथा अनवीकरणयोग्य स्रोतों में अन्तर स्पष्ट करें।

BiharboardQuestionpaper.com

प्रश्न संख्या 19 से 24 दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

19. रोपण कृषि की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

20. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग के महत्त्व का वर्णन कीजिए।

21. ग्रामीण अधिवास के किन्हीं 5 प्रतिरूपों की विवेचना कीजिए।

22. भारतीय कृषि की समस्याओं की विवेचना कीजिए।

23. भारत में पेट्रोलियम क्षेत्रों के वितरण का वर्णन कीजिए।

24. भारत का मानचित्र बनाइए और निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(A) जयपुर

(B) हैदराबाद

(C) डिगबोई

(D) मथुरा

(E) ताप्ती नदी

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com